संक्षिप्त

प्रेमचंद शर्मा अध्यक्ष बने

प्रेमचंद शर्मा

देवली, (निसं)। यहां पेंशनर भवन में मानव सेवा संकल्प संस्थान के वार्षिक चुनाव संपन्न हुए। जिसमें सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रेमचंद शर्मा को अध्यक्ष मनोनीत किया। इस मौके पर बैठक में कई गणमानियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। जिसमें शहर के समाज सेवी के आर कमलेश, रमेश जिंदल, बनवारी लाल गुप्ता, मनोहर लाल जैन, लक्ष्मीकांत पारीक, भंवरलाल डीडवानिय, सीपी अग्रवाल को संस्थान के संरक्षक पद पर नियुक्त किया है। इस मौके पर संस्थान के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रेमचंद शर्मा की अनुमति से कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें उपाध्यक्ष पद पर बद्री प्रसाद साहू एवं अशोक कुमार महेश्वरी को नियुक्त किया गया। तथा महासचिव अशोक दुबे एवं सचिव सुमित गौतम ,संगठन मंत्री राकेश ओसवाल, प्रचार मंत्री नेकचंद सुराणा ,मीडिया प्रभारी संजय सेठी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा व्यवस्था प्रमुख राजकुमार कोठारी को चुना गया। साथ ही अंबालाल मौर्य दिनेशजैन प्रमोद मंगल संजय सिंगल को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

12 मरीजों का सम्मान किया

श्रीमाधोपुर, (निसं)। लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा 12 जुलाई को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में आयोजित आंखों के मोतियाबिंद एवं लैंश प्रत्यारोपण शिविर में चयनित 12 मरीजों के ऑपरेशन के बाद जयपुर से वापस लौटने पर लायंस क्लब ने उनका हालचाल जाना और स्वागत में सभी को शॉल ओढाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी, सागरमल हलवाई, परमानंद सोनी आदि उपस्थित रहे।

जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया

बौंली-बामनवास, (निसं)। सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय से संचालित खुशी सेवा समिति द्वारा रविवार को एक शिविर आयोजित कर कृषक महिलाओं को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। खुशी सेवा समिति की सचिव अनीता गर्ग ने बताया कि रविवार को संस्थान द्वारा आलनपुर में कृषक महिलाओं को उन्नत फसलों के लिए जैविक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई इस दौरान संस्थान की ओर से सब्जी के बीजों के मिनी किट निशुल्क वितरित किए गए। कार्यक्रम किसान महिलाओं को बढावा देने व उन्हें उन्नत खेती के लिए समझने के लिए आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान संस्थान के सदस्य व कृषक महिला व पुरुष उपस्थित थे।

साइबर ठगी के चार आरोपी गिरफ्तार

बौंली-बामनवास, (निसं)। सवाई माधोपुर मानटाउन थाना पुलिस ने रविवार को साइबर फ्रॉड अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर सीमेंट फैक्ट्री से मौके पर पहुंचकर साइबर ठग के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मानटाउन थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस सहायक निरीक्षक जगदीश चंद्र के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान सोयल शाह 21 वर्ष निवासी बिछीदोना, गुलशेर खान 26 वर्ष निवासी बिछीदोना, अमर सिंह उर्फ मोटा मीणा निवासी बिछीदोना एवं असअद हुसैन 26 वर्ष निवासी कुंडेरा को गिरफ्तार कर उनके पास से पांच मोबाइल ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले ऐप सोयल शाह के पास से एक देसी कट्टा एवं सभी के पास से एक दर्जन एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं।

संजय शर्मा ने परिवार को ढांढस बंधाया

अलवर, (निसं)। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने आज मूंगस्का पहुंचकर दिवंगत यासीन खान के शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देकर ढाढस बंधाया। मंत्री शर्मा ने कहा कि दुख की इस घडी में शोक संतप्त परिवार के साथ खडे है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा तथा आरोपियों को विधि अनुसार सख्त सजा दिलाई जाएगी। इसके लिए पुलिस के अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर आरोपियों को कडी सजा दिलाए जाने के निर्देश दिये है।

पेड़ लगाना पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी : भूपेंद्र यादव

अलवर, (निसं)। केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव रविवार को मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र में 'एक पेड मां के नाम' एवं 'हरियालों राजस्थान अभियान' के तहत प्रदूषण नियंत्रण मंडल व औद्योगिक संघों के संयुक्त तत्वावधान में मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का पौधरोपण कर शुभारंभ किया।

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक सौन्दर्य को पर्यावरण के अनुकूल हेतु पौधारोपण करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पेड लगाना जितना पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है उतना ही मानव के बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भूमिगत जल उपयोग को कम करने, जल के पुर्नचक्रण को बढावा देनें, कचरा प्रबंधन को अधिक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित कर अधिक से अधिक वृक्षारोपण द्वारा 'क्लीन एवं ग्रीन अलवर' बनाने की दिशा में औद्योगिक संगठन, आमजन की भागीदारी के साथ आवश्यक उठाने की महती आवश्यकता है।

उन्होने कहा कि अलवर जिले को राज्य सरकार द्वारा बजट में बायोलॉजिकल पार्क, प्रदूषण की जानकारी हेतु एर्ली वार्निंग सिस्टम जैसी अनेक सौगाते दी है जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढावा मिलेगा। उन्होंने आमजन से आह्वाहन किया कि जिले के प्रत्येक व्यक्ति एक पेड मां के नाम अभियान व हरयालो राजस्थान अभियान के तहत ना केवल पेड लगाए बल्कि उसकी सार संभाल भी करें तथा अपने आसपास के व्यक्तियों को भी पेड लगाने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु औद्योगिक संघों द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में किए जा रहे पौधारोपण का कार्य सराहनीय है।

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी दीपेन्द्र झरवाल ने बताया कि राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल एवं औद्योगिक संघों के संयुक्त तत्वाधान एक पेड मां के नाम अभियान व हरयालो राजस्थान अभियान की शुरूआत की गई है जिसके तहत औद्योगिक संघों व सामूहिक जन सहभागिता के साथ एक लाख पौधे लगाए जाएंगे। इस अवसर पर मैसर्स अशोक लीलैंड इकाई के सामने सडक के दोनों तरफ काफी संख्या में लोगों ने वृक्षारोपण किया तथा औद्योगिक संगठनों द्वारा अलवर शहर के आसपास के क्षेत्र में मानसून सत्र में एक लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया।

इस दौरान जिला प्रमुख अलवर बलबीर छिल्लर, नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक जयराम जाटव, प्रदूषण नियंत्रण मंडल के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी रोहित मीना, कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता, शुभम अग्रवाल, पवन मीणा, सुमन कुमारी, रीको क्षेत्रीय प्रबंधक परेश सक्सेना, अलवर चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष देवेन्द्र अग्रवाल, मत्स्य उद्योग संघ के सचिव लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, शिवानी यादव, अलवर खनिज एवं केशर एसोसिएशन के ओमप्रकाश गुप्ता, सुबोध गोयल सहित गैर सरकारी संगठन, पर्यावरणविद् एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में शिरकत की।

■ 'प्रत्येक व्यक्ति ना केवल पेड़ लगाए बल्कि उसकी सार संभाल भी करें'

पर्यावरण संरक्षण को लेकर लगाए पौधे

निवाई, (निसं)। पर्यावरण संरक्षण को लेकर गणेश नगर में कॉलोनीवासियों ने 51 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा। इस अवसर पर सूरज गुर्जर ने बताया कि पौधारोपण की शुरूआत रविवार को एक घर के बाहर अपनी मां के नाम पौधा लगाकर किया।

इस दौरान मोहन शर्मा, धर्मराज, पंकज शर्मा, लोकेश शर्मा, मोहन सैनी, रामप्रसाद गुर्जर, नाथी देवी शर्मा व सोनिया शर्मा सहित कई कॉलोनीवासी मौजूद थे। इसी प्रकार अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा टोंक प्रदेश द्वारा श्याम वाटिका में पौधारोपण महोत्सव के तहत पौधे लगाए।

समाज के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश विजय ने बताया कि समाज द्वारा प्रदेश में स्थानीय शाखा द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान श्याम वाटिका में 11 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर कन्हैयालाल विजय, गिर्राज विजय, जितेन्द्र विजय, नरेन्द्र विजय, ओमप्रकाश विजय, गौरी विजय व लोकेश सहित कई लोग मौजूद थे।

संजय शर्मा ने शिलान्यास और विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया

पावटा, (निसं)। विराटनगर क्षेत्र के ग्राम खातोलाई के महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय भवन परिसर में रविवार को वन एवं पर्यावरण मंत्री राजस्थान सरकार संजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य व विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड की अध्यक्षता एवं विधानसभा सचिव प्रमुख महावीर शर्मा, भागीरथ यादव, शिव शंकर टेलर, शशिकांत शर्मा सरपंच भाबरू, विराटनगर एसडीएम विकास प्रजापति, तहसीलदार, डिप्टी रोहित सांखला, अमित, विकास, सीताराम शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य मे फीता काटकर शिलान्यास व एमडीआर रोड एवं सघन वृक्षारोपण समारोहपूर्वक शिलालेख पट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया।

वही जन प्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा आगंतुक अतिथियों का माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। ग्राम सेवा सहकारी समिति भवन का शिलान्यास करते हुए विधायक कुलदीप धनकड ने कहाँ कि ग्राम सेवा सहकारी समिति भवन के निर्माण से किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही छत की नीचे मिल पाएगा। जिससे किसानों को कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पडेंगे। वही खाद-बीज के भंडारण व वितरण व्यवस्था में भी सुविधा मिलेगी। साथ ही प्रधानमंत्री जनधन योजना, श्रमिक कार्ड, राजश्री योजना, भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना आदि का लाभ उठाने की अपील की। वहीं उन्होंने किसानों को सहकारी समिति से जुडने की अपील की।

वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने सघन वृक्षारोपण करते हुए कहा कि इस सघन अभियान में मुख्य भूमिका शिक्षा विभाग, वन विभाग, पंचायत राज विभाग के साथ-साथ प्रदेश की स्वयं सेवी संस्थाओं और बीजेपी -के कार्यकर्ताओं की रहेगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित रखने के लिए पेडों का बसना अति आवश्यक है।

इस बार प्रदेश में जिस प्रकार गर्मी का वातावरण बना है उसने हम सभी को पेड पौधों के महत्व का अहसास कराया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर्यावरण संरक्षण को लेकर अत्यंत गंभीर है। प्रदेश में पेड पौधों की अवैध कटाई को भी वन विभाग के माध्यम से सती से रोका जाएगा और नए पेड पौधों के रोपण में भी राज्य सरकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। वही उन्होंने नगर वन, संजय वन का जिर्णोद्धार करने की घोषणा के साथ विराटनगर को पर्यटन स्थल घोषित करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं सहित बडी संया मे ग्रामीण मौजूद रहे।

शिविर में 105 यूनिट रक्त संग्रहित

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित आशीर्वाद मेटरनिटी होम कृष्णा हॉस्पिटल में शनिवार को महंत रामरतन दास महाराज चतुर्भुज, गुरुदास महाराज बखराना, डॉ. सतीश यादव, डॉ. पूनम यादव ने फिता काटकर आशीर्वाद ब्लड बैंक सैन्टर का शुभारम्भ किया। प्रबंधक राजेन्द्र कसाना ने बताया कि इस मौके पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में कुल 105 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस दौरान डॉ. बाबूलाल, डॉ. सुनिल स्वामी, डॉ. सरफराज खान, डॉ. अनन्त चौपडा, डॉ. रितू यादव, ब्लड बैंक प्रभारी मुकेश जाट, लीलाराम यादव, शेरसिंह जाट, विनोद कसाना, दयाराम यादव, विनय यादव, विजय यादव, सतीश खटाणा, राजेश कसाना, उर्मिला राय, कंचन शेखावत, अंकित नून, गोपीचन्द फामडा, विक्रम सराधना, विजय यादव, सुरेश सैनी, गौरव शर्मा, लाला पहलवान व अजय यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सारंग सांस्कृति उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

श्रीमाधोपुर, (निसं)। कस्बे की एस.बी. एन.ग्रुप आफ एज्युकेशन श्रीमाधोपुर में "सारंग" सांस्कृतिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 2024 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.मोहनलाल ऐचरा एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर एसबीएन कालेज आफ़ एजुकेशन श्रीमाधोपुर के बी एड, डी.ई एल.ईडी के द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों को विदाई दी गई। कार्यक्रम के इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां पेश की। एकल नृत्य तेरी मिट्टी में मिल जावॉ, छात्र काजल, रुनझुन बाजे रे घुंघरा, छात्रा मनीषा, मेहंदी रची मारा हाथा म कोमल आदि ने सुंदर प्रस्तुतियां पेश की। सम्मान समारोह के अंतर्गत महाविद्यालय के पूर्व छात्र जो सरकारी सेवा में कार्यरत हैं जिसमें प्रमोद चौधरी, आदित्य शर्मा, करण स्वामी, सरोज नेहरा, अमित कुमार, सीमा बगड़िया, आदि समस्त कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों के रूप में एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद शर्मा, पत्रकार महेंद्र हिंदुस्तानी, महेंद्र खडोलिया, किशोर कुमार शर्मा, लक्की अग्रवाल ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढाई। मंच संचालन बनवारी लाल जीतरवाल, श्रवण महला, मोनिका शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के इस अवसर पर एसबीएन के निदेशक डॉ. मुकेश बल्डवाल, प्राचार्य डॉ. एसके जाट, सचिव इंजी. प्रदीप घायल, कोऑर्डिनेटर मुकेश गोस्वामी व समस्त स्टाफगण उपस्थित रहे।

सम्मान समारोह के अंतर्गत महाविद्यालय के पूर्व छात्र जो सरकारी सेवा में कार्यरत हैं आदि समस्त कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

मातमी धुनों के साथ अलम सद्दे का जुलूस निकला

मनोहरपुर, (निसं)। स्थानीय कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में अलम सद्दे का जुलुस ढोल ताशे के साथ में निकला।

जामा मस्जिद के सदर जमील ख़ान ने बताया कि 14 जुलाई रविवार यानी चांद की 7 तारीख को अलम सद्दे का जुलूस निकला ये जुलूस मोहल्ला तोपचिवाडा से शुरू होकर गांधी चौक व सब्जी मंडी होता हुआ मोहल्ला सारवान में आया जहां पर शर्बत से उनका स्वागत किया गया। इसके बाद जुलूस यहां से मोहल्ला लोहार मंडी में गया वहां भी उनका भव्य स्वागत किया गया। इसी प्रकार 16 जुलाई मंगलवार की रात को कत्ल की रात मनाई जाएगी। इस अवसर पर अलाउद्दीन खान पडियार, सलीम खान, अब्दुल हफीज खान, जमीर खान, सईद खान चौहान, अनवर लुहार, रमजान लुहार मुनीर लुहार इकराम लुहार इसलाम लुहार बुंदू खान पडियार फैयाज खान पडियार शहाबुद्दीन लुहार, अनवर तिगाला, इस्लाम मंसूरी आदि उपस्थित थे।

पावटा। प्रागपुरा कस्बा में हजरत अब्बास अलमबरदार की शहादत की याद में रविवार को जोहर की नमाज के बाद मुख्य बाजार शाही जामा मस्जिद मोहर्रम वाले चौक से अलमसद्दे का जुलूस निकाला गया। जुलूस में अकीदतमंद ढोल-ताशों की मातमी धुनों के साथ या अली या हुसैन की सदाएं लगाते हुए चल रहे थे। बाजार में अलम सद्दा देखने के लिए राहगीरों व व्यापारियों में उत्साह का माहौल नजर आया। वहीं जुलूस के दौरान हिंदु समाज के लोगों द्वारा भाईचारे की मिशाल पेश कर फूल बरसायें। जुलूस शाही जामा मस्जिद से मुय बाजार होते हुए सुभाष चौक पर मोहर्रम वाले चौक होते हुए आंगन बाडी केन्द्र के सामने से गौगा पीर मंदिर स्थित लुहारों का मौहल्ला पहुंचा जहां जुलूस को देखने के लिए अकीदतमंदों का हुजूम लग गया। फिर इसी रास्ते से होते हुए देर शाम मगरिब की नमाज के बाद वापस इमामबाडे पहुंचकर जुलूस सपन्न हुआ। इस अवसर पर महिलाओं ने अपने घरों में विभिन्न पकवान बनाकर नियाज लगवाई और तबर्रूक तकसीम किया।

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के स्थानांतरण की मांग, ग्रामीणों ने दिया धरना

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम चतुर्भुज में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के स्थानान्तरण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर चन्द्रशेखर शर्मा के नेतृत्व में जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी व जिला प्रभारी सचिव शिवप्रसाद नकाते को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने ग्राम चतुर्भुज में लगाये जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अन्यत्र स्थानान्तरण किये जाने की मांग की साथ ही अपनी समस्याओं से भी अवगत करवाया। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम चतुर्भुज में श्री चतुर्भुज भगवान का सदियों पूराना व प्राचीन ऐतिहासिक मंन्दिर है। जिससे लोगों की आस्था जुडी हुई है। ऐसे में धार्मिक स्थल पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाना उचित नहीं होगा। वहीं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट गांव की घनी आबादी के मध्य में लगाया जा रहा है जो कि राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय की दीवार से लगता हुआ है। साथ ही जिला प्रभारी मंत्री चौधरी व सचिव नकाते को सौंपे गये ज्ञापन में यह भी बताया कि चतुर्भुज स्थित साहबी नदी से ही कोटपूतली कस्बे के आधे ईलाके को पेयजल की सप्लाई होती है। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन भी किया गया। वहीं चतुर्भुज भगवान की जय समेत विभिन्न स्लोगन लिखी गई तख्तियां भी लहराई गई।

वहीं दूसरी ओर चतुर्भुज बचाओ आंदोलन के तहत ग्राम चतुर्भुज, तरियाला, ढाणी रामनगर के ग्रामीणों द्वारा दिया जा रहा धरना रविवार को लगातार 18 वें दिन भी बदस्तुर जारी रहा। इस दौरान जिला पार्षद प्रेम देवी, बगुला प्रसाद स्वामी, सत्यनारायण शर्मा, किशन दास स्वामी, गिरिराज भारती, भाजपा नेता दिलीप यादव, अमीचंद धानका, गंगादीन, गिरधारी लाल आर्य, विक्रम सैन, रोहित स्वामी, अंजनी शर्मा समेत सैकडों ग्रामीण महिलायें मौजूद रही।

जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर ग्रामीण महिलाओं ने चतुर्भुज भगवान की जय समेत विभिन्न स्लोगन लिखी तख्तियां लहराई।

■ ग्रामीणों ने जिला प्रभारी मंत्री व सचिव को सौंपा ज्ञापन

साइकिल से यात्रा कर लौटे इंद्राज का स्वागत

पावटा, (निसं)। उपखंड के ग्राम पंचायत खेलना के गांव गंगूपुरा नौजवान इंद्राज साइकिल से चार धाम की यात्रा कर शुक्रवार को अपने गांव लौट आये। गांव लौटे इंद्राज यादव का भाजपा कार्यकर्ता शिवकुमार शर्मा, व्यापार प्रकोष्ठ कन्हैयालाल मीणा, उप प्रधान टीटू बन्ना, भूमि विकास बैंक चेयरमैन रोहितास ताखर, एससी मोर्चा जिला महामंत्री बद्रीप्रसाद चौहान, पंचायत समिति सदस्य मुखराम धनकड, विष्णु पाराशर, अरुण मीणा सहित ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ माला पहनाकर स्वागत किया। ग्राम पंचायत खेलना के गांव गंगूपुरा नौजवान इंद्राज की मनोकामना थी कि वे साइकिल से चार धाम की यात्रा करें। इंद्राज अपने गांव से साइकिल से 3 जून 2024 को चार धाम के लिए रवाना हुए थे। 12 जुलाई को सकुशल अपने घर लौट आये। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनेत्री का सफर तय किया।

सार-समाचार

कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

राजगढ, (निसं)। धार्मिक आस्था के केंद्र अवधूत दत्त आश्रम पर आयोजित भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ को लेकर रविवार को विशाल कलश यात्रा में भारी सैलाब उमडा। भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का समापन 21 जुलाई गुरु पूर्णिमा को होगा। कलश यात्रा का प्रमुख मार्गों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। महंत स्वामी श्याम भारती, शिव मित्र मंडल एवं गुरु भक्त मंडल की ओर से विशाल कलश यात्रा गणेशपोल स्थित गणेश मंदिर से बैंड बाजे के साथ प्रारंभ हुई। कलश यात्रा में कथा वाचक महंत स्वामी अमन भारती महाराज एवं अन्य श्रद्धालुओं की मौजूदगी में महिलाओं की भारी उपस्थिति आकर्षण रही। कलश यात्रा मार्ग में आयोजको की ओर से प्रमुख स्थानों पर कलर एवं कोल्ड ड्रिंक का विशेष प्रबंध किए गए। अवधूत दत्त आश्रम में आयोजित भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में अमन भारती महाराज कथा वाचन करेंगे। इस अवसर पर कस्बे के प्रमुख समाज से भी धर्म प्रेमी एवं प्रमुख लोग मौजूद रहे।

सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित

फुलेरा, (निसं)। स्थानीय पुलिस थाने पर रविवार को सायं 5 बजे सीएलजी सदस्यों की बैठक का आयोजन साइबर क्राइम व सांभर पुलिस उपाधीक्षक खलिल अहमद खिलजी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस उपाधीक्षक खिलजी ने सदस्यों को बताया कि आजकल साइबर क्राईम की घटनाएं बहुत अधिक हो रही है। इससे आम जनता की सतर्कता और सावधानी ही एकमात्र बचाव है। इसके लिए उन्होंने बताया कि कभी भी किसी को ओटीपी नम्बर नहीं बताये तथा किसी भी व्यक्ति के द्वारा भेजी गई लिंक को भी टच नहीं करें। इसी क्रम में आगे बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराधियों द्वारा ठगी की जाती है तो तुरन्त 1930 नम्बर पर सूचना देवें। इसके साथ ही थानाधिकारी बाबूलाल मीणा ने बताया कि आगामी 17 जुलाई को मुस्लिम समाज द्वारा मोहर्रम का त्यौहार मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज और धर्म के त्यौहार आपसी भाईचारे को बढावा देने के लिए होते है। किन्तु कुछ शरारती तत्वों द्वारा अशांति फैलाने की कोशिश कर माहौल को बिगाडने की कोशिश करते है। आगे कहा कि ऐसे तत्वों को पहचान कर तुरन्त पुलिस के सुपर्द करे। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष रतन राजोरा, पार्षद व नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक, ग्राम माल्यावास के पूर्व सरपंच बजरंग सिंह, मोरमुकुट सिंह, छगन सिंह, अलिमुद्दीन जोया, अहसान अहमद रंगरेज, गोपाल लाल, पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह शेखावत, पुलिस सुरक्षा सखी भगवती देवी कुमावत, बिरदी चन्द वर्मा सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

भगवान जगन्नाथ जानकी संग विवाह रचाकर आज लौटेगे

राजगढ, (निसं)। कोटि कोटि जन आस्था के आराध्य भगवान जगन्नाथ जानकी संग विवाह रचाकर सोमवार रात्रि चौपड बाजार मंदिर पहुंचेंगे। भगवान जगन्नाथ जानकी जोडे को देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं का जन सैलाब समापन पर सोमवार को गंगा बाग परिसर पहुंचेगा। इधर मेले के अंतिम दिन सोमवार को ग्रामीण अंचल से भी भारी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुषों के आने की उम्मीद है। रविवार को छुट्टी के दिन के कारण भारी संख्या में श्रद्धालुओं की मेले में आवा जाही रही। मेले के अंतिम दिन सोमवार को दर्शनार्थियों की भारी उपस्थिति मेले का आकर्षण होगी। भगवान जगन्नाथ मेले में धर्म प्रेमी लोगों की ओर से प्रसाद वितरण के साथ अनेक स्थानों पर शीतल ठंडाई, एवं दर्जनों स्थानों पर खान पान की व्यवस्था की गई। झूले एवं नाव मैं बैठने वालों की भारी संख्या के साथ बच्चों के आइटमो पर भी उत्साह का आलम रहा। चाउमीन पाव भाजी एवं छोले भटूरे सहित चाट पकौडी वालों ने जमकर लाभ कमाया। मंदिर परिसर मेंहजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर धर्म लाभ कमाया.। जगन्नाथ मेले में देर रात्रि 12बजे तक श्रद्धालु महिला पुरुषों के मेले में आने जाने से कस्बे में चहल पहल का आलम है।

प्रभारी सचिव ने बजट में घोषित कार्य स्थलों का निरीक्षण किया

अलवर, (निसं)। जिले के प्रभारी सचिव एवं उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा ने रविवार को बजट घोषणा में शामिल नटनी का बारा से जयसमंद बांध तक की नहर, जयसमंद बांध, सिलीसेढ झील क्षेत्र व भूगोर स्थित बायोलोजिकल पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलक्टर आशीष गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी सचिव ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि बजट घोषणा के तहत नहर के उन्नयन का कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से विशेषज्ञों के तकनीकी सहयोग से कराया जावे। उन्होंने कटी घाटी स्थित नगर वन का निरीक्षण का कर निर्देश दिये कि नगर वन के निर्माण कार्य में प्रकृति के अनुकूल करे जिसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने भूगोर वन क्षेत्र में बायोलोजिकल पार्क हेतु चिन्हित किए गए क्षेत्र का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए बायोलोजिकल पार्क विकसित करने हेतु कार्य योजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिये कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक बजट घोषणा की समयसीमा निर्धारित कर उसे तय समय में धरातल पर क्रियान्वित करावे।

एनिकट सही करवाने की मांग

पीपलू, (निसं)। उपखंड क्षेत्र में हरिपुरा एनिकट गत दिनों तेज बारिश के अत्यधिक पानी की आवक से टूट गया। एनिकट टूटने से गांव हरिपुरा, सौंधीफल की करीब 500 बीघा भूमि की खरीफ की फसलों को सिंचित करने में परेशानी का सामना करना पडेगा साथ ही एनिकट टूटने से हरिपुरा से सौंधीफल का सीधा संपर्क भी टूटा हुआ है। सौंधीफल गांव के लोगों को ग्राम पंचायत मुख्यालय चौगाई तक जाने में भी दिक्कतें हो रही हैं। हरिपुरा से सौंधीफल का सफर मात्र 3 किमी का है जबकि अन्य रास्ते से आने पर करीब 7 किमी का चक्कर लगता है। साथ ही हरिपुरा एनिकट टूटने से आस-पास के किसानों को खेत से चारा लाने सहित कृषि कार्य के लिए आने-जाने में भी परेशानी उठानी पड रही हैं। वार्ड पंच केदार, ग्रामीण रमेश, खुशीराम, कमलेश, दुर्गालाल, गिर्राज, शिवनारायण, मदन, दशरथ, हनुमान, रतन व छोटू आदि ने बताया कि एनिकट टूटने के बाद जगह-जगह गड्ढे हो गए है। रास्ता पार करने के लिए कमर तक के पानी से होकर निकलना पड रहा हैं। गत दिनों क्षेत्र के दौरे पर आए विधायक को भी इस समस्या से अवगत करवाया था। साथ ही टूटे हुए एनिकट को सही करवाने की मांग की थी। अभी तो मानसून का समय है एनिकट सही हो गया तो वापस भर सकता है। साथ ही किसानों की आजीविका खेती इस एनिकट के भरने पर ही निर्भर करती है।

अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ प्रदर्शन

कोटपूतली, (निसं)। कोटपूतली के मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति सदस्यों ने रविवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी व सचिव शिवप्रसाद नकाते को अपनी समस्याओं को लेकर चले रहे धरने की मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रभारी मंत्री ने जिला कलेक्टर को ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई कर कार्यवाही करने के आदेश दिये। सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लवास ने धरने की मांगों से विस्तार से अवगत करवाया। साथ ही कहा कि गोरधनपुरा चौकी से मोहनपुरा, जोधपुरा, कांसली, फतेहपुरा, चौलाई तक करीब 02 दर्जन गांवों व ढाणियों के आम रास्ते पर सीमेंट प्लांट के ट्रकों का जमावाडा लगा रहता है। जिससे दिन भर धूल-मिट्टी उडती रहती है। उक्त समस्या से ग्रामीणों को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड रहा है। उन्होंने उक्त रास्ते को आमजन के लिये छोडे जाने व कम्पनी हेतु अलग से रास्ता बनाये जाने की मांग भी की। इस पर प्रभारी मंत्री ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान समिति उपाध्यक्ष सतपाल यादव, भूपसिंह धानका, मदन योगी, पवन धानका, अजय योगी, किशोरी धानका, जयराम यादव समेत ग्रामीण महिलायें मौजूद रही। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों का धरना रविवार को लगातार 582 वें दिन भी बदस्तूर जारी रहा।